छात्र समझ गए हैं कि जेएनयू देशविरोधी गतिविधियों की जगह नहीं : सारस्वत

नई दिल्ली, 9 अगस्त (भाषा)।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कुलाधिपति वी के सारस्वत ने कहा है कि विश्वविद्यालय के छात्र इस संदेश को समझ गए हैं कि यह विचारों के मुक्त आदान-प्रदान की जगह है, लेकिन ऐसी गतिविधियों के लिए इस स्थान का उपयोग नहीं किया जा सकता जो राष्ट्र-विरोधी हैं या देश की संप्रभुता के हितों के खिलाफ हैं। नीति आयोग के सदस्य सारस्वत ने कहा कि जेएनयू के लोगों के पास अपनी विचार प्रक्रिया का उपयोग करने की पर्याप्त स्वतंत्रता है और वे भारत तथा दुनिया में चल रहे घटनाक्रम को लेकर सजग हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "यह मुक्त सोच वाला समाज है। इसलिए आपको अनेक विरोधाभासी विचार प्रक्रियाएं मिलेंगी। इसलिए कई बार विचारों का टकराव होता है, इसलिए आप सुना करते थे कि यहां समस्याएं हैं।"

प्रीमियम मर्चेन्टस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : ओमैक्स स्क्वायर, प्लॉट नं. 14, 5वां तल, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, जसोला, नई दिल्ली-110025

CIN : L51909DL1985PLC021077, TEL:+91-11-61119658

ईमेल आईडी : premiummerchants123@gmail.com वेबसाईट : www.pmltd.com

30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार

(रु. लाखों में)

क्रम सं.	विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष
		30.06.2022 (अनंकेक्षित)	31.03.2022 (अंकेक्षित)	30.06.2021 (अनंकेक्षित)	31.03.2022 (अंकेक्षित)
1.	परिचालनों से कुल आय	4.28	(27.78)	18.01	52.49
2.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	(13.45)	(29.25)	15.99	45.92
3.	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद)	(13.45)	(29.25)	15.99	45.92
4.	कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं अथवा असाधारण मदों के बाद)	(7.44)	(15.01)	13.80	43.64
5.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर के बाद) लाभ/ (हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद से शामिल)	(2.69)	1535.86	19.23	1599.96
6.	प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (सम मूल्य) (रु. 10/- प्रति)	99.80	99.80	99.80	99.80
7.	आरक्षित (लेखा वर्ष 2021-22 तथा 2020-21 के अंकेक्षित तुलन पत्र में दर्शाई गई पुनर्मूल्यांकन आरक्षितों के अतिरिक्त आरक्षित)	-	-	-	7789.02
8.	आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का) (रु.) क) मूल : ख) तरल :	(0.75) (0.75)	(1.50) (01.50)	1.38 1.38	4.37 4.37

टिप्पणी:
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल की गई अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप का सार है। अनंकेक्षित परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट www.msei.in तथा कंपनी की वेबसाइट www.pmltd.com पर उपलब्ध है।
2. विस्तृत अनंकेक्षित परिणाम तथा इस सारांश की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा की गई तथा 9 अगस्त, 2022 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोहित किये गये।

बोर्ड के आदेश से
प्रीमियम मर्चेन्ट्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
बलबीर सिंह
निदेशक
DIN: 00027438

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 09.08.2022

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

शाखा: टाउन हॉल, चांदनी चौक, 5465, लक्ष्मी
चांदनी चौक, दिल्ली-110006, ईमेल vj

नियम 8(1) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अ **को मांग नोटिस जारी किया था** जिसमें उल्लेखित **राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है** उक्त सूचना की तिथि से 60 दि कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है. इसलिए एतदद्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता

गौतमबुद्ध नगर : 195 नए मरीज, छह छात्र संक्रमित

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 9 अगस्त।

गौतमबुद्ध नगर में मंगलवार को कोरोना से संक्रमित 195 नए मरीजों की पहचान हुई। संक्रमितों में छह स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। कुल संक्रमितों की संख्या 1,085 हो गई। गत 24 घंटे में 140 मरीज संक्रमण से ठीक हो गए। इस दौरान किसी भी संक्रमित मरीज की मौत नहीं हुई। 30 मरीजों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। 1,055 संक्रमित गृह पृथकवास में हैं।

संक्रमण के लक्षण कम होने के कारण विभाग ने इन्हें घर पर ही एकांतवास में रहने की हिदायत दी है। दैनिक जांच के मुकाबले संक्रमण दर दस फीसद से अधिक रही। बता दें कि छह महीने के बाद कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या एक हजार के पार हो गई है। सीएमओ डा. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि नए संक्रमित मरीजों की पहचान के लिए जांच अभियान लगातार जारी है।

शासन स्तर से किया गया जवाब तलब : लगातार बढ़ रहे संक्रमण के कारण शासन ने स्वास्थ्य विभाग से जवाब-तलब किया गया है। शासन ने संक्रमण बढ़ने की वजह ही नहीं, बल्कि आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की जानकारी भी मांगी है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर उन सभी सरकारी अस्पतालों को सतर्क कर दिया है, जिनमें तीसरी लहर के दौरान कोरोना के मरीजों का उपचार चल रहा था।

शृंखला तिरंगा यात्रा के तहत भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के नेताओं ने मानव शृंखला बनाई। फोटो : जनसत्ता

कांग्रेस ने निकाली आजादी की गौरव यात्रा